आएगा जाने कब वो दिन बैठेंगे तेरे द्वार पर भजन लिरिक्स

आएगा जाने कब वो दिन,
बैठेंगे तेरे द्वार पर,
भजनो को हम सुनाएंगे,
बाबा मेरी विनती सुनो,
जाना ना हाथ छोड़ कर,
तुमको ही हम बुलाएँगे।bd।

तर्ज – जाने कहाँ गए वो दिन।

तरस गई मेरी नज़र,
दर्शन को तेरे सांवरे,
दीवाना दिल मचल रहा,
कहते हैं लोग बावरे,
आयेगा जाने कब वो दिन,
बैठेंगे तेरे द्वार पर,
भजनो को हम सुनाएंगे।bd।

क्या भेंट दे तुमको सांवरे,
देने को ना कुछ भी पास है,
तेरे लिए बना लिया,
इक आंसुओं का हार है,
आयेगा जाने कब वो दिन,
बैठेंगे तेरे द्वार पर,
भजनो को हम सुनाएंगे।bd।

कुछ पास में अब हो ना हो,
लब पे तेरा नाम आये सदा,
सुनकर यही दुनिया कहे,
'प्रिंस' हुआ तेरा बावरा,
बाबा सुनो कहे 'सत्य' ये,
चरणों में तेरे रहना सदा,
'ज्योति' की अर्ज़ी है अब मान लो,
पहुंचे वहां तुम हो जहाँ,
रहना वहां तुम हो जहाँ,
आयेगा जाने कब वो दिन,
बैठेंगे तेरे द्वार पर,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

भजनो को हम सुनाएंगे।bd।

आएगा जाने कब वो दिन,
बैठेंगे तेरे द्वार पर,
भजनो को हम सुनाएंगे,
बाबा मेरी विनती सुनो,
जाना ना हाथ छोड़ कर,
तुमको ही हम बुलाएँगे।bd।

Singer – Prince Harry

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com